कार्यालय पुलिस उप महानिरीक्षक, ग्रुप केन्द्र के०रि०पु०बल, दादरी रोड, ग्रेटर नोएडा -201306

संख्याः एफ.चार-1/2019-20-मॉन्टेसरी स्कूल

दिनांक /04/2019

विज्ञापन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्रुप केन्द्र, के०रि०पु०बल, दादरी रोड, ग्रेटर नोएडा-201306 के मॉन्टेसरी स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2019-20 हेतु कक्षा नर्सरी व के०जी० में पढाने के कार्य हेतु अस्थायी तौर पर विशुद्ध रूप से अनुबंधात्मक आधार पर सिर्फ 11 माह के लिए निम्नलिखित पदों हेतु पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैः-

क्रम सं0	पद	पदों की संख्या	मानदेय	दिनांक 31/05/2019 को आयु
01	मुख्याध्यापिका	01	रू0 8,000/- प्रतिमाह	21 से 40 वर्ष
02	अध्यापिका	04	रू0 7,000/- प्रतिमाह	21 से 40 वर्ष
03	आया	04(दो पद क्रेच के लिए शामिल है)	रू0 5,500/- प्रतिमाह	21 से 40 वर्ष

नोटः- पूरे वर्ष में समानुपातिक आधार पर 10 दिनों का आकस्मिक अवकाश भी मंजूर किया जाएगा तथा उपर्युक्त पदों की संख्या किसी भी समय बिना सूचित किए घटाई एवं बढाई जा सकती है।

02 अर्हताएः-

(1) मुख्याध्यापिकाः-

(क) **शैक्षणिक योग्यताः-**

भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी **विश्वविद्यालय** से स्नातक उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त उपाधि के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान से अध्यापन प्रमाण पत्र (नर्सरी) या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अन्य प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के साथ सरकार द्वारा या भारत सरकार द्वारा संचालित अध्यापक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

(ख) अनुभवः-

नर्सरी स्कूल की अध्यापिका के रूप में न्यूनतम पाँच वर्ष का अध्यापन अनुभव।

(2) अध्यापिकाः-

(क) **शैक्षणिक योग्यताः-**

भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी **विश्वविद्यालय** से स्नातक उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त उपाधि के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान से अध्यापन प्रमाण पत्र (नर्सरी) या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अन्य प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के साथ सरकार द्वारा या भारत सरकार द्वारा संचालित अध्यापक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

(3) आयाः-

(क) न्यूनतम अर्हताः-

न्यूनतम अर्हता उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्था से पॉचवी कक्षा या हिन्दी के साथ समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

03 आवेदन पत्र/आवेदन करने का तरीकाः

(अ) आवेदन पत्र निम्नानुसार भरा जाएगाः- (1) नाम आवेदक का /चस्पा फोटो (2) आवेदक के पिता/पति का नाम (3) पद जिसके लिए आवेदन किया है (4) आवेदक का स्थाई पता (5) आवेदक का वर्तमान पत्राचार का पता एवं मोबाईल नं0 (6) आवेदक की नागरिकता (7) आवेदक की जन्म तिथि (8) आवेदक की जाति (9) आवेदक की शिक्षा (10) आवेदक का कक्षा नर्सरी एवं कक्षा के0जी0 का शैक्षणिक अनुभव (11) अन्य कोई जानकारी (12) आवेदक के हस्ताक्षर।

(ब) आवेदन करने का तरीकाः- इच्छुक उम्मीदवार योग्यता के अनुसार उक्त पदों पर नियुक्ति के लिए अपना आवेदन पत्र दिनांक 10/05/2019 तक 1600 बजे तक कार्यालय पुलिस उप महानिरीक्षक, ग्रुप केन्द्र, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, दादरी रोड, ग्रेटर नोएडा-201306 में जमा कर सकते है। आवेदन प्रस्तुत करने वाले उम्मीदवारों को दिनांक 20/05/2019 को 1100 बजे कार्यालय पुलिस उप महानिरीक्षक, ग्रुप केन्द्र, के0रि0पु0बल, दादरी रोड, ग्रेटर नोएडा-201306 में साक्षात्कार के लिए उपस्थित होना होगा। इसके लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को अलग से पत्राचार द्वारा कोई सूचना नही दी जाएगी। साक्षात्कार के लिए सभी उम्मीदवार मान्यता प्राप्त संस्थानों से जारी अपने मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र, अध्यापन कार्य का अनुभव संबंधी प्रमाण पत्र तथा उसकी दो प्रतिलिपि, 02 पासपोर्ट साईज फोटो एवं बायोडाटा साथ लेकर आएगे।

04. चयन प्रक्रियाः-

उपरोक्त पदों पर चयन आवेदकों के शैक्षणिक अनुभवों के आधार पर इस ग्रुप केन्द्र में गठित चयन समिति द्वारा किया जाएगा।

नोटः- (क) चयन प्रक्रिया तिथि-समय प्रशासनिक कारणों से कभी भी रद्द व संशोधित की जा सकती है।

(ख) चयन के पश्चात बिना कारण बताये नियुक्ति कभी भी रद्द की जा सकती है।

पुलिस उप महानिरीक्षक
ग्रुप केन्द्र, केरिपुबल, ग्रेटर नोएडा।